दिनांक–26.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में प्रमंडल पटना क्षेत्रान्तर्गत विभागीय सभी प्रमंडल के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं छूटे हुए टोलों में किये गए कार्यों, टंकी की सफाई, निविदा कार्य, MIS Entry इत्यादि के संबंध आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

<u>छूटे हुए टोला PHED/PRD:-</u>

- समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल पटना पश्चिम द्वारा बताया गया कि 396 का बोरिंग पूर्ण कर लिया गया है। परंतु MIS Portal पर 108 की ही प्रविष्टि है जिसके संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अपलोड फोटोग्राफ्स में त्रुटि रहने के क्रम में MIS पर फिर से अपलोड किया जाना है। साथ ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना से पृच्छा की गई, उनके द्वारा बताया गया कि कम प्रगति हुई है। इस संबंध में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना, अधीक्षण अभियंता अंचल, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल पटना पश्चिम से प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

  अनुपालन–अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता,पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भोजपुर (आरा) अन्तर्गत अक्टूबर, 2026 में PHED/PRD के छूटे हुए टोलों में निर्धारित लक्ष्य 12 योजना में मात्र 5 योजना की प्रविष्टि MIS Portal पर अपलोड किया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कुल निर्धारित लक्ष्य में 538 बोरिंग पूर्ण हुआ है, किंतु MIS Portal पर 193 की ही प्रविष्टि स्पष्ट की गयी है। उक्त के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर MIS Portal पर अपलोड कर दिया जाएगा।

  अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व अन्तर्गत PHED/PRD के छूटे हुए टोलों में मात्र 99 बोरिंग हुआ है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को कार्य की प्रक्रिया में गति लाते हुए योजनाओं को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

  अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- समीक्षा के क्रम में पटना पश्चिम, भभुआ, बिहारशरीफ, हिलसा, सासाराम एवं बक्सर को निदेशित किया गया कि PHED/PRD के छूटे हुए टोलों के संबंध में प्रत्येक माह में निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए, कार्य पूर्ण किये गये योजनाओं का जियो टैग, फोटोग्राफ्स (सभी अवयवों का) तथा संबंधित दस्तावेज MIS पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अविलंब अपलोड किया जाय। क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, प्रक्षेत्र पटना एवं संबंधित सभी अधीक्षण अभियंता इसका सतत् अनुश्रवण करते हुए योजनाओं को लक्ष्य के अनुसार पूर्ण करायेंगे।

  अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, प्रक्षेत्र पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना यह सुनिश्चित करें कि अपने अधीनस्थ सभी कार्यपालक अभियंता अपने–अपने जिलों में सही डेटा प्रविष्टि का कार्य, फोटोग्राफ्स एवं सभी अवयवों की प्रविष्टि त्वरित गति से पूर्ण करा लें, ताकि अधियाचना निर्गत करने से पूर्व उक्त योजनाओं का निरीक्षण (यथा–CGRC Complain/विद्युत विपत्र का भुगतान इत्यादि) कर पूर्णतः की स्थिति में अधियाचना की प्रक्रिया आगे बढ़ायी जाएगी। सभी योजनाओं का Requisition 1 नवम्बर, 2026 से ऑनलाइन भेजने का निदेश दिया गया तथा आवंटन का भुगतान ऑनलाइन पत्रों के आधार पर जारी किया जाएगा।

  अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/सभी कार्यपालक अभियंता।

- आवंटन से संबंधित ऑनलाइन Requisition के विषय में सभी क्षेत्रिय पदाधिकारियों को VC के माध्यम से विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।
- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि स्टैंड पोस्ट, बोरिंग, फाउंडेशन, हाउस कनेक्शन एवं कंट्रोल पैनल, तथा गृह संयोजन आदि कार्यों का मानक के अनुरूप अधिष्ठापित करते हुए MIS पर डेटा प्रविष्टि करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता।

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम के PHED/PRD के छूटे हुए टोलों एवं अन्य कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंता को कड़ी चेतावनी दी गई कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लायें एवं प्रतिदिन का प्रगति प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से मुख्यालय को उपलब्ध करायें। इसका सतत् अनुश्रवण क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

- आगामी बैठक से पूर्व PHED/PRD के छूटे हुए टोलों में कतिपय प्रमंडलों के कुल निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति में आ रही भिन्नता में सुधार करते हुए MIS Portal पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि MIS पोर्टल पर प्रविष्टि की गई लक्ष्य एवं उपलब्धि के अनुसार ही समीक्षा की जाएगी।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

<u>Site/Land Availability Status LOT (PHED+PRD)</u>

- कार्यपालक अभियंता, पटना पूर्व, पटना पश्चिम, बिहारशरीफ, हिलसा, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ को निदेश दिया गया कि अपने प्रमंडल अन्तर्गत संबधित अंचल अधिकारी एवं जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि छूटे हुए टोलों में योजनाओं में प्रगति लाते हुए जलापूर्ति बहाल की जाय।
- समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, बिहारशरीफ द्वारा बताया गया कि PHED/PRD में भूमि की उपलब्धता 346 एवं 86 के विरूद्ध 279 का अपलोड हुआ है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि 432 जगहों की भूमि उपलब्धता के संबंध प्रत्येक का विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
- आगामी बैठक से पूर्व PHED/PRD के छूटे हुए टोलों में कतिपय प्रमंडलों के Site/Land Availability में आ रही भिन्नता में सुधार करते हुए MIS Portal पर सही डाटा प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि MIS पोर्टल पर की गई प्रविष्टि के अनुसार ही समीक्षा की जाएगी।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

<u>Electricity Bill Dues and payment Status (PHED)</u>

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विद्युत विपत्रों के बकाया राशि के विरूद्ध भुगतान की स्थिति संतोषप्रद नहीं है। प्रमंडल के स्तर से स्वयं भुगतेय बकाया राशि के विरूद्ध भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि विद्युत विपत्रों के बकाया राशि के विरूद्ध भुगतान संवेदकों/एजेंसियों के माध्यम से शत्–प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

- प्रत्येक जिले में लंबित विद्युत बिलों एवं भुगतान संबंधी मामलों का सत्यापन कर नियमानुसार निष्पादन करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना को यह निदेश दिया गया कि PHED/PRD O&M के किस योजना के लिए कितनी राशि की माँग की गयी है, उसमें से कितनी राशि का भुगतान संवेदक/एजेंसी को किया गया है एवं उस राशि में से कितना विद्युत विपत्र का भुगतान किया गया है। इसकी समीक्षा कर अनुपालन प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना को यह निदेश दिया गया कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक एजेंसी/संवेदक के विद्युत विपत्र के लंबित बकाया रहने के बावजूद उनकी सुरक्षा निधि (Security deposit Money) वापस कर दी गयी है, तो इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच कर उत्तरदायित्व तय किया जाय एवं इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना

Electricity Consumer Mapped Summary (PHED/PRD)

- सभी योजनाओं की विद्युत उपभोक्ता मैपिंग शीघ्रपूर्ण की जाए तथा जिन योजनाओं में उपभोक्ता Consumer ID अथवा मीटर संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण Mapping का कार्य लंबित है वहाँ जिला स्तर पर संबंधित विद्युत विभाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय स्थापित कर विद्युत मीटर अधिष्ठापित करते हुए उपभोक्ता संख्या प्राप्त कर Mapping का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्युत उपभोक्ता मैपिंग में डुप्लीकेट डाटा को MIS Portal पर से डिलिट करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

Status of Payment Against Allotment

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि प्रमंडलान्तर्गत शेष बचे हुए आवंटन राशि को 3 दिन के अन्दर Total Disbursement करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

टंकी की सफाईः–

- सभी कार्यपालक अभियंता माह अक्टूबर, 2026 तक टंकी की सफाई का निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए MIS Portal पर गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफ्स के साथ अपलोड करना था, परंतु समीक्षा के क्रम में पाया गया कि टंकी की सफाई की प्रगति धीमी है। उक्त के संबध में सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि माह अक्टूबर, 2026 तक टंकी की सफाई का निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए MIS Portal पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता इसका सतत अनुश्रवण अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

स्टोर प्रविष्टि की स्थिति–

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि प्रखंडवार स्टोर अधिष्ठापित करने के साथ ही सुपरवाइजर का सही दूरभाष नम्बर MIS Portal पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें, ताकि इसकी समीक्षा की जा सके।

अनुपालन–संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता

Repair team

- सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि प्रत्येक पंचायत में एक मरम्मति दल कार्यरत रहना सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी मरम्मति दलों से संबंधित विवरणी MIS Portal पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

अन्यान्यः–

- गुणवत्ता मानकों के उल्लंघन और चैम्बर निर्माण में त्रुटियों एवं कंट्रोल पैनल का अधिष्ठापन में त्रुटियों पर कार्यपालक अभियंता/एजेंसियों को अविलंब सुधार कर पुनः फोटोग्राफ्स MIS Portal पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।
- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि निर्माणाधीन एवं क्रियान्वित योजनाओं की संपूर्ण जानकारी Component wise (बोरिंग/मोटर पम्प/स्टेजिंग/हाउस कनेक्शन) आगामी बैठक तक MIS Portal पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी कार्यपालक अभियंता प्रतिदिन अपने अधीनस्थ सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को कार्य लक्ष्य दें एवं शाम में इनसे समीक्षा करेंगे कि कितने योजनाओं का निरीक्षण किया गया, कितने योजनाओं में समस्याओं का समाधान किया गया, कितने योजनाओं को चालू करने में क्या–क्या समस्या आ रही है इत्यादि। जिन सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं द्वारा उक्त कार्यों में लापरवाही बरती जाएगी, उनके विरूद्ध प्रपत्र 'क' गठित कर मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

धन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

30.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांक– 14/बैठक–101/25–913 /पटना,दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पटना, आरा एवं सासाराम/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भोजपुर (आरा), बक्सर, भभुआ, बिहारशरीफ, हिलसा, पटना पश्चिम, पटना पूर्व एवं रोहतास (सासाराम), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/26

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

ज्ञापांक– 14/बैठक–101/25–913 /पटना, दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/अपर सचिव/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण/दक्षिण बिहार/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता) दक्षिण बिहार/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/आई॰टी॰मैनेजर/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/26

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

ज्ञापांक– 14/बैठक–101/25–913 /पटना,दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

3/11/26

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)